वित्त मंत्री ने किया सम्राट अशोक पार्क का लोकार्पण

शेखर टाइम्स संवाददाता

शाहजहाँपुर । नगर निगम ने निगोही रोड पर अशोक विहार कालोनी स्थित नवनिर्मित सम्राट अशोक पार्क में बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जयंती एवं सम्राट अशोक प्रतिमा अनावरण समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि सुरेश कुमार खन्ना वित्त,संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने भारत भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी की 130वीं जयंती के शुभ अवसर पर निगोही रोड पर अशोक विहार कालोनी स्थित नगर निगम द्वारा नवनिर्मित सम्राट अशोक पार्क का लोकार्पण किया। मंत्री ने कहा कि सम्राट अशोक भारत के महान सम्राटों में से एक थे व सम्राट अशोक के जीवन परिचय के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया।अपील की कि कोरोना कोविड-19 के संक्रमण से बचाव हेतु सभी नगरवासी एक-दूसरे से 2 गज की दूरी बनाये रखें व फेस मास्क का उपयोग अवश्य करे जिससे कोरोना कोविड-19 के संक्रमण से बचाव किया जा सके। सांसद अरुण कुमार सागर, नगर आयुक्त सन्तोष कुमार शर्मा , राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष सुरेन्द्रनाथ वाल्मीकि,नगर आयुक्त सन्तोष कुमार शर्मा ,अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह,सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती, अंगद गुप्ता,नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 ओ0पी0 गौतम उपस्थित रहे।

पार्क का उद्घाटन करते वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना व साथ है सांसद अरूण सागर, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा